## न्यूज़ फ्लैश

### योगी ने 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत की

**गोरखपुर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरूआत यहां गोरखनाथ मंदिर से की।
मुख्यमंत्री ने सबसे पहले मंदिर परिसर में तिरंगा फहराया। फिर सेल्फी खींची। इस दौरान हो रही बूंदाबादी के बाद भी पोर्च के नीचे लोग धैर्य पूर्वक खड़े रहे।

### भाजपा ने की हर-घर तिरंगा अभियान की शुरूआत

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को हर-घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की। इसके तहत पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेशभर में 13 से 15 अगस्त तक घर-घर जाकर तिरंगा झंडा वितरण कर घरों पर लगाने का आह्वान करेंगे। यह जानकारी उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को भाजपा के लखनऊ महानगर कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।
ब्रजेश पाठक ने बताया कि 15 अगस्त को प्रदेशभर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालकर आजादी के महापर्व को मनाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी से पहले भारत को विभाजन का दंश झेलना पड़ा। भारत के विभाजन में छः लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए। महिलाओं पर अत्याचार हुए। उस समय हिंदुओं पर जो अत्याचार हुए उसे भुलाया नहीं जा सकता। उप मुख्यमंत्री पाठक ने कहा कि विभाजन के बाद लाखों लोगों को अपना घर-बार छोड़कर आना पड़ा। लखनऊ में भी बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग रहते हैं। भारत पाकिस्तान बंटवारे के समय विस्थापित होने वाले और अपनी जान गंवाने वाले लाखों भाइयों और बहनों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के रुप में मनाया जाएगा। पत्रकार वार्ता के समय लखनऊ महानगर के भाजपा अध्यक्ष मुकेश शर्मा उपस्थित रहे।

### नमामि गंगे के साथ वेदपाठी बटुकों ने की घर-घर तिरंगा फहराने की अपील

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
नमामि गंगे के सदस्यों ने वेदपाठी बटुकों के साथ रविवार को घर-घर तिरंगा अभियान में लोगों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं। सिंधिया घाट सिद्धेश्वरी स्थित महर्षि वेद विद्यालय के बटुकों के साथ बलिदानी माटी का वंदन और अमर सपूतों का अभिनंदन करने का भी आह्वान किया गया।
मां भारती के जयकारों के बीच हाथों में तिरंगा लहराते बटुकों ने 'भारत मेरी जान है, भारत मेरी शान है, भारत मेरा अभिमान है' और हिंदुस्तान हमारा है.. हम सबने ठाना है, आजादी को अमर बनाना है' आदि नारे बुलंद किए। इस दौरान बलिदानियों के व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया गया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि 75 सप्ताह के सुदीर्घ आयोजन के बाद इस माह स्वाधीनता का अमृत महोत्सव विराम लेगा। स्वाधीनता संग्राम के भूले-बिसरे वीरों की गाथा जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ ही इस समयावधि में भारत को विश्व ने ठोस रूप से आगे बढ़ते देखा। श्रीअन्न हो या संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस, स्टार्टअप अर्थव्यवस्था हो या अंतरिक्ष अभियान, राम मंदिर हो या नई संसद, अविस्मरणीय रही यह अवधि। राष्ट्रीय गौरव को जागृत करने के इस अद्वितीय, अविस्मरणीय अभियान को विश्व ने वंदन किया है।

### वन विभाग और टिम्बर व्यवसायी की मिली भगत से काटे जा रहे हरे वृक्ष

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी लखनऊ के मॉल इलाके में टिम्बर व्यवसायी और वन विभाग की मिलीभगत के इशारों पर हरे वृक्षों के कटान का सिलसिला लगातार जारी है। इसी के तहत शनिवार की रात को भारी संख्या में हरे वृक्षों को काटा गया है। रविवार सुबह मौके पर पहुंचें ग्रामीणों ने कटे पेड़ को सुलगता हुआ पाया तो आक्रोश व्यक्त किया है।
कमालपुर लोधौरा गांव में बीते देर रात्रि आम के पेड़ को काटा गया और सुबह होते-होते लकड़ियां बटोर कर ठिकाने लगा दी गयी। आम का हरा भरा पेड़ कटने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने वन विभाग के निरीक्षक को इसके बारे में खबर दी। लेकिन उनकी ओर से भी कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। न ही वन विभाग की टीम पहुंची।

# मुख्यमंत्री योगी ने जनता दर्शन में सुनी लोगों की पीड़ा, लगाया मरहम

**गोरखपुर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन जनता दर्शन कार्यक्रम में आये लोगों की पीड़ा सुनी। उनके दुखते रग पर आश्वासन का मरहम लगाया और हर पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिया।
उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया था। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को लगभग 1200 करोड़ की लगात से बनने वाले एथेनॉल प्लांट का शिलान्यास किया था। इस एथेनॉल प्लांट के क्रियाशील होने के बाद 01 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। रविवार को जनता दरबार लगाने के बाद मुख्यमंत्री योगी को हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत करनी है। इसकी शुरूआत वे गोरखनाथ मंदिर से करेंगे। इससे पहले सीएम योगी, मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम का हिस्सा बने। लोगों की पीड़ा सुनी और उस पर आश्वासन का मरहम लगाया। उन्होंने हर पीड़ित को न्याय दिलावाने का आश्वासन दिया। जनता दरबार में पीड़ितों की भारी



भीड़ दिखी। समस्याओं को सुनकर योगी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के आदेश दिए।इधर, हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत करने के बाद मुख्यमंत्री योगी मोतीराम अड्डा में विशाल वेयरहाउस का उद्घाटन करेंगे। यह वेयरहाउस लगभग 01.23 लाख वर्गफुट में बनाया गया है। वेयरहाउस की परियोजना में 30 करोड़ का निवेश हुआ है। इस परियोजना से लगभग 01 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। वेयरहाउस का निर्माण मेसर्स श्री एसोसिएटस के द्वारा करवाया गया है।

## बेसिक शिक्षकों के मोबाइल का बेसिक शिक्षा विभाग कर रहा भरपूर उपभोग : सनत कुमार

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
बेसिक शिक्षा विभाग पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता सनत कुमार सिंह ने गंभीर आरोप लगाया है। रविवार को शिक्षक नेता ने बताया कि शिक्षकों के निजी मोबाइल व नेटपैक का बेसिक शिक्षा विभाग भरपूर उपभोग कर रहा है। शिक्षकों के निजी मोबाइल के माध्यम से डी.बी.टी. सहित समस्त सूचनाओं के आदान-प्रदान के साथ मॉनिटरिंग भी की जा रही है, कार्रवाई भी झेलनी पड़ रही है। इससे शिक्षक काफी मानसिक दबाव महसूस कर रहे हैं।
उन्होंने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए हर घर तिरंगा एवं मेरी माटी, मेरा देश अभियान के चलते रविवार को सार्वजनिक अवकाश की तिथि को बेसिक स्कूलों में मिड डे मील के तहत विशेष भोजन प्रदान करने का आदेश निर्गत है। सार्वजनिक अवकाश की तिथियों में कार्य सम्पादन कराए जाने पर सम्बन्धित को उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाता है। शासन द्वारा छुट्टियों में संपादित कार्यों के एवज में देय उपार्जित अवकाश प्रदान किये जाने के लिए आदेश निर्गत किया जाना निहायत जरूरी है। संगठन की मांग पर भी देय उपार्जित अवकाश के लिए आदेश जारी नहीं किये जा रहे हैं। शिक्षक नेता ने प्रदेश सरकार से मांग किया कि बेसिक स्कूलों में जिन बच्चों को आई फ्लू का संक्रमण है, उन्हें विद्यालय उपस्थिति से छूट प्रदान किये जाने के लिए शासन से निर्देश जारी होना चाहिए।

## 18 अगस्त को धूमधाम से निकलेगी माँ विन्ध्वासिनी की पदयात्रा, होंगे कीर्तन

**वाराणसी/टीम एक्शन इंडिया**
श्रावण माह के शुक्लपक्ष के दूज तिथि पर 18 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे लक्खी चौतरा चौक स्थित श्री बाल माता मंदिर देवी कोठा से माँ विन्ध्यवासिनी धाम के लिए पदयात्रा निकलेगी।
मां का जयकारा, ढोल-नगाड़े के साथ लगाते हुए पदयात्री माँ भद्रकाली मंदिर पहुंचेंगे। जहां पर स्व. आत्माराम सैगल के परिजनों द्वारा ज्योति पूजन होगा। फिर भजन के बाद शोभायात्रा माँ विन्ध्यवासिनी पदयात्रा स्वागत समिति के तत्वावधान में दिन में 3 बजे शुरू होगी। जो सत्यनारायण मंदिर, बांसफाटक से गोदौलिया, गिरजाघर होते हुए गुरुबाग गुरूद्वारे तक जायेगी। जहां मत्था टेक कर पदयात्री माँ के धाम की ओर प्रस्थान करेंगे।
यह जानकारी पदयात्रा स्वागत समिति के सचिव विकास मेहरोत्रा, श्री बाल माता मंदिर देवी कोठा के महन्त दीपक बहल ने दी। उन्होंने संयुक्त रूप से बताया कि इस




यात्रा की विशेष बात यह है कि पिछले कई वर्षों से कई परिवार पीढ़ियों से इसे अपनी पारिवारिक परम्परा की तरह निभा रहे हैं। भले ही वे लोग बनारस के बाहर रह रहे हों, परन्तु यात्रा के समय यात्रा में शामिल होने सपरिवार हर वर्ष आते हैं। पिछले वर्ष खत्री हितकारिणी सभा, खत्री युवा सभा, माँ विन्ध्यवासिनी पदयात्रा स्वागत समिति, गुरूद्वारा प्रबन्ध कमेटी, गुरुबाग, मुल्तानी परिवार, लाला मल्लूराम धूमीमल ट्रस्ट परिवार आनन्द कपूर समर्पण सामाजिक संस्था ने पदयात्रियों का स्वागत किया था।

## बेकाबू ट्रक की टक्कर से दुकानदार की मौत

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
काकादेव थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह बेकाबू ट्रक की टक्कर से युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की।
सहायक पुलिस आयुक्त शिखा सिंह ने बताया कि काकादेव निवासी श्री कृष्ण का 29 वर्षीय बेटा संजय सिंह जीवन यापन करने के लिए सड़क के किनारे मैगी की दुकान चलाता था। रविवार सुबह वह दुकान के काम से निकला था। इसी दौरान बेकाबू ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

## उत्तराखंड में मीरजापुर की ज्योति ने ब्रांज मेडल जीतकर बढ़ाया मान

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के काशीपुर में आठ से 13 अगस्त के बीच आयोजित सीनियर नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्योति सिंह ने (तृतीय स्थान) ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाकर मीरजापुर जनपद का नाम रोशन किया। ज्योति ने 63 किलोग्राम भार वर्ग में 422.5 किग्रा भार उठाकर सफलता अर्जित किया है। अहरौरा क्षेत्र के बसाढी गांव निवासी रामफरेश की पुत्री नौवीं बार स्ट्रांग वूमेन का खिताब अपने नाम कर चुकी है। ज्योति इससे पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक के साथ कई पदक भी



हासिल कर चुकी है।
राष्ट्रीय कोच कमलापति त्रिपाठी ने बताया कि इसी तरह साक्षी ने भी 47 किग्रा भारवर्ग में कुल 310 किग्रा भार उठाकर छठवां स्थान हासिल किया है।
इस सफलता पर पावर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष डा. प्रेम शंकर सिंह, संरक्षिका रत्नावली सिंह, उपाध्यक्ष ब्रह्मांड राज, डा. एचपी सिंह, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निधि सिंह पटेल, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी भानु प्रसाद, उप क्रीड़ा अधिकारी अमित कुमार आदि ने ज्योति व साक्षी के प्रति हर्ष जताया।

# सुलतानपुर में पिता ने बच्चों के सामने ही कर दी माँ की हत्या

**आरोप**

▶▶बच्चों का आरोप है कि पापा ने कार को साइड में लगाकर उनके सामने ही मां की गला दबाकर हत्या कर दी

**सुलतानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के एक गांव में एक पिता ने शक के चलते बच्चों के सामने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।
मूलरूप से उन्नाव जिले के सफीपुर निवासी राहुल मिश्र ने साल



2008 में जनपद रायरबेली के मील एरिया थानाक्षेत्र में रहने वाली मोनिका गुप्ता (32) से प्रेम विवाह किया था। उसके दो बच्चे भी थे। मोनिका के पिता उमाशंकर का आरोप है कि शादी करने के बावजूद राहुल मेरी पुत्री मोनिका पर शक करता था। इसी को लेकर आये दिन दोनों में झगड़ा होता था। वह परिवार को लेकर लखनऊ में रह रहा था।
शनिवार की रात को वो कार (यूपी 32 सीजे 4541) परिवार के साथ रायबरेली जाने के लिए निकला था। घर आने की बजाय वह कार लेकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर किमी 123 पर मुजेश चौराहे के पास पहुंचा।
बच्चों का आरोप है कि पापा ने कार को साइड में लगाकर उनके सामने ही मां की गला दबाकर हत्या कर दी है।
इसके बाद वह उन्हें लेकर कार में बैठा रहा। इसी दौरान वहां से गुजरी यूपीडा की गश्ती टीम ने वाहन को खड़ा देखकर वहां पहुंचे तो उसके माथे पर पसीना और हड़बड़ा रहा था। शक होने पर जब उन्होंने कार का गेट खोलने को कहा तो वह खोल नहीं रहा था। शक पर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने कार को खुलवाया तो घटना की जानकारी हुई।
बच्चों ने बताया कि उनके सामने ही पिता ने मेरी मां की हत्या की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर राहुल को हिरासत में ले लिया है। इधर घटना की जानकारी पर मृतक के पिता और परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे गए। आरोपित दामाद के खिलाफ बेटी की हत्या की तहरीर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

## गूगल पर दिल्ली के चिकित्सकों की जानकारी जुटा रहे अधिवक्ता के बेटे के खाते से 86,400 उड़ाए





**मुरादाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के हिमगिरी कालोनी निवासी अधिवक्ता ने थाना पुलिस को दी तहरीर में साइबर ठग द्वारा उनके बेटे के खाते से 86 हजार 400 रुपये उड़ा लेने की शिकायत की। पीड़ित के वकील पिता ने बताया कि वह आंख के इलाज के लिए गूगल पर दिल्ली के चिकित्सकों की जानकारी जुटा रहे थे उसी दौरान वह ठगो के झांसे में आ गए। शनिवार को थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।
थाना सिविल लाइन क्षेत्र के हिमगिरी कालोनी निवासी अख्तर हसनैन रिजवी मुरादाबाद कचहरी में वकालत करते हैं। बीते दिनों एसएसपी को तहरीर देकर अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने गूगल पर आंख के इलाज के लिए 13 मई को दिल्ली में अस्पताल की सूची देखी थी। उसमें शापर्ट आई अस्पताल दिल्ली का एक मोबाइल नंबर मिला। उस नंबर पर कॉल करने पर सामने वाले ने कहा कि आनलाइन नंबर लेने के लिए 10 रुपये जमा करने होंगे। इसके बाद अधिवक्ता अख्तर हसनैन ने अपने पुत्र तकी हसनैन रिवजी के अकाउंट से 10 रुपये भेज दिए। इसके बाद 17 और 18 मई को उनके बेटे के आईसीआईसीआई बैंक सिविल लाइंस के खाते से 86 हजार 400 रुपये कट गए।

## घोसी विधानसभा उपचुनाव में सपा ने घोषित किया उम्मीदवार

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) ने रविवार को सुधाकर सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इसकी अधिकृत जानकारी सपा ने अपने सोशल मीडिया के ट्विटर पर दी है।
गौरतलब है कि समावादी पार्टी के टिकट पर 2022 में घोसी विधानसभा सीट से दारा सिंह चौहान चुनाव जीते थे। वह सपा पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिए हैं। वह पहले भी भाजपा में ही थे। दारा सिंह के इस्तीफे के बाद यह सीट खाली हुई है। इस सीट पर उपचुनाव का एलान चुनाव आयोग ने कर दिया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुधाकर सिंह पर भरोसा जताते हुए उनके नाम पर मुहर लगाई है।

## मीरजापुर का जल निगम अब बारिश के पानी पर निर्भर

**मीरजापुर /टीम एक्शन इंडिया**
अभी तक तो देश के अन्नदाता ही बारिश के पानी पर निर्भर थे, लेकिन अब जल निगम भी बारिश के पानी पर निर्भर है।
जल निगम ने जिले के करीब ढाई लाख घरों तक 15 मई 2023 तक पेयजल पहुंचाने का दावा किया था, जो फेल साबित हुआ। अभी सिर्फ टेस्टिंग तक ही सीमित रह गया है। बारिश के बाद भी डैम में उतना पानी नहीं भरा, जिससे लोगों के घरों तक पानी शोधन कर भेजा जा सके। सूखे डैम ने विभाग के



दांव पर पानी फेर दिया है। ऐसे में विभाग के अधिकारी 2000 करोड़ रुपये की परियोजना पर पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व तक जल निगम सिंचाई विभाग की तरफ देख रहा था। जबकि सिंचाई विभाग ने भी डैम में कम पानी का हवाला देकर हाथ खींच लिया था। हालांकि लेडुकी पेयजल समूह के तहत विकास खंड की सभी टंकियों में पानी की आपूर्ति भले ही की गई है, लेकिन अभी तक सिर्फ 80 प्रतिशत ही कनेक्शन हो पाया है।
हलिया ब्लाक में हर घर नल जल के लिए अदवा बांध से पानी आपूर्ति की तैयारी है। हालांकि बांध में 15 प्रतिशत ही पानी शेष है। क्षेत्र में आठ सीडब्ल्यूआर, 25 ओवरहेड टैंक व एक डब्ल्यूटीपी बनाया गया है। 150 गांवों के सापेक्ष 98 गांवों में पानी पहुंचाने के लिए ट्रायल हो चुका है, लेकिन अभी तक सिर्फ 30 गांवों में ही पानी पहुंच रहा है। जबकि क्षेत्र के 52 गांवों में कनेक्शन का कार्य चल रहा है। योजना के तहत जनपद के 1590 गांवों के करीब 21 लाख लोगों को पानी से तृप्त करना है।
अदवा डैम, मेजा डैम, डुंगिया, जरगो, सिरसी, ढेकआ, अपर खजुरी, अहरौरा डैम से इंटेकवेल के जरिए पानी लिफ्ट कर लोगों के घरों तक पहुंचाना है, लेकिन इन डैम में जलस्तर अब भी काफी नीचे है। ऐसे में लोगों के घरों तक पानी पहुंचना तो दूर सिंचाई के लिए भी पानी छोड़ने में दिक्कत आ रही है।

# लखनऊ में सड़क पर गर्भवती महिला ने बच्चे को दिया जन्म, नवजात की मौत

**प्रसव**

▶▶राजभवन के सामने एंबुलेंस के न पहुंचने की वजह से एक गर्भवती महिला को सड़क पर शिशु को जन्म देना पड़ा

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी लखनऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के घर से चंद कदम की दूरी पर राजभवन के गेट नंबर 13 के पास सड़क पर एक गर्भवती महिला ने बच्चे को जन्म दिया।
महिला साइकिल रिक्शे से अस्पताल जा रही थी। इस दौरान उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान सड़क से गुजर रही



महिलाओं ने रिक्शे की आड़ में साड़ी का पर्दा लगाकर महिला का प्रसव कराया।
वहीं सूचना के बाद पहुंची एंबुलेंस से महिला और नवजात बच्चे को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन नवजात बच्चे की मौत हो गई है। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इस मामले को हम पता करते हैं।
समाजवादी पार्टी ने वीडियो ट्वीट करते हुए बच्चे की मौत पर दुख जताया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा, सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने भी ट्वीट किया है।
अखिलेश ने अपने ट्वीट में कहा कि एक तो उप्र की राजधानी लखनऊ, उस पर राजभवन के सामनेङ्क फिर भी एंबुलेंस के न पहुंचने की वजह से एक गर्भवती महिला को सड़क पर शिशु को जन्म देना पड़ा।
मुख्यमंत्री जी इस पर कुछ बोलना चाहेंगे या कहेंगे ह्महमारी भाजपाई राजनीति के लिए बुलडोजर जरूरी है, जनता के लिए एंबुलेंस नहीं।
वहीं, शिवपाल ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था अपने लाख विज्ञापनों व दावों के बावजूद वेंटिलेटर पर है। एम्बुलेंस न मिलने पर रिक्शे से अस्पताल जा रही गर्भवती महिला को राज भवन के पास सड़क पर प्रसव के लिए मजबूर होना पड़े तो यह पूरी व्यवस्था के लिए शर्मनाक व प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की असल हकीकत है।

# बांदा में ट्रक से टकराने के बाद ट्रक झोपड़ी में घुसा, दो की मौत

**जबरदस्त टक्कर**

▶▶ आधी रात को कताई मिल के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक ने दूसरे ट्रक में टक्कर मार दी।

**बांदा/टीम एक्शन इंडिया**
शहर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की आधी रात को कताई मिल के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक ने दूसरे ट्रक में टक्कर मार दी। टकराने के बाद ट्रक सड़क किनारे झोपड़ी में घुसा। हादसे में एक ही परिवार की एक महिलाएं समेत दो लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक अन्य महिला घायल है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रक को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। क्षेत्राधिकारी नगर गवेंद्र पाल गौतम ने रविवार को बताया कि शनिवार को देर रात कताई मिल के पास स्थित एफसीआई गोदाम के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने पहले से खड़े ट्रक को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे पास में ही रह रहे परिवार की झोपड़ी में ट्रक जा घुसा। हादसे में एक ही परिवार की दो महिलाएं सहित तीन लोग घायल हुए थे। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान संदीप वर्मा की दस वर्षीय पुत्री ज्योति और ग्राम बड़ोखर खुर्द हाल मुकाम कांशीराम कॉलोनी निवासी महिला शिवपतिया की मौत हो गई है। जबकि भूरागढ़ की रहने वाली महिला कांति वर्मा की हालत गंभीर है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम भेज दिया।

